Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accord the status of 'Shaheed' (Martyr) to armed forces personnel who lay down their lives defending the country- Laid.

*** m01 श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** मेरे लोकसभा क्षेत्र सीकर सहित देश से लाखों जवान आर्मी तथा आर्म्ड फोर्सेज में कार्य करते हुए देश सेवा कर रहे हैं । देश की सीमा अथवा आमजन की सुरक्षा के लिए विभिन्न आर्म्ड फोर्सेज अथवा सेना की तैनाती की जाती हैं, अधितकतम समय में सेना युद्ध काल के समय तैनात की जाती रही है, लेकिन विभिन्न आर्म्ड फोर्स के जवान सीमा अथवा संवेदनशील इलाकों में देश की सुरक्षा में हमेशा तैनात रहते हैं । कई बार इन आर्म्ड फोर्सेज के जवानों की देश की रक्षा करते हुए मृत्यु हो जाती है परंतु उनको शहीद का दर्जा नहीं मिल पाता है ।

मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि देश अथवा आमजन की रक्षा करते हुए ऐसे आर्म्ड फोर्सेज के जवानों की मृत्यु होने पर उनको शहीद का दर्जा दिया जाएं तो आपकी अति कृपा होगी ।